

नवभारत
भोपाल, सोमवार 3 अगस्त, 2026

# रायसेन में सड़क निर्माण के लिए चक्काजाम

- आंदोलनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- एसडीएम ने 15 दिन में कार्य करने का दिया आश्वासन



नवभारत न्यूज

**रायसेन, 2 अगस्त. रविवार को जिला मुख्यालय पर सागर - भोपाल मार्ग पर नगरवासियों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर अचानक चक्काजाम करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**

एसडीएम द्वारा 15 दिन में सड़क निर्माण कराए जाने के आश्वासन दिए जाने पर चक्काजाम खत्म हुआ. लेकिन तब तक सड़क पर दोनों ओर 150 से अधिक ट्रकों, यात्री बसों एवं अन्य 4 पहिया वाहनों सहित मोटरसाइकिलों की लाइन लग गई थी.

एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि रायसेन नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित अवंतिका कॉलोनी में वर्षों से कच्ची पड़ी सड़क के पक्के निर्माण किए जाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों द्वारा अचानक सागर भोपाल रोड पर चक्काजाम कर दिया था. जिसके कारण 150 से ऊपर 4 एवं 2 पहिया वाहन करीब दो घण्टे तक जाम में फंसे रहे.

इस बीच आंदोलनकारियों द्वारा प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की गई. जिन्हें समझाएं देकर जाम खुलवाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने . चक्का जाम करीब 2 घंटे तक चला. एसडीएम मनीष शर्मा मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा 15 दिन के अंदर सड़क निर्माण कराया जाने के आश्वासन दिए जाने के बाद चक्काजाम खत्म हुआ.

### एसडीएम ने क्या कहा...

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि आंदोलनकारियों को उनकी कॉलोनी में 15 दिन में पक्की सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया गया है. नगर पालिका परिषद प्रशासन को सड़क निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं.

# चांदोनी नाले में मिले युवक के शव की शिनाख्त

- एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने लिया संज्ञान
- बेगमगंज के सचिन कुशवाहा के रूप में हुई पहचान

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 2 अगस्त. शनिवार को गैरतगंज तहसील के ग्राम चांदोनी के पास चांदोनी नाले में मिले एक अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त रविवार को बेगमगंज निवासी सचिन कुशवाहा 20 वर्ष के रूप में की गई है.**

एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि चांदोनी गांव के पास नाले में शनिवार को एक युवक का शव मिला था. जिसकी पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही थी. रविवार को उसकी शिनाख्त बेगमगंज निवासी सचिन कुशवाहा उम्र 20 वर्ष पिता कैलाश कुशवाहा महादेवपुरा बेगमगंज के रूप में हुई है.

परिजनों को सूचित कर मृतक की पहचान कराई गई जिन्होंने सचिन कुशवाहा का शव



होना बताया है. उन्होंने बताया कि सचिन मजदूरी करता था और उसके पिता कैलाश कुशवाहा भी पुराना बस स्टैंड पर एक नाश्ते की दुकान पर मजदूरी करते हैं, जिन्होंने अपना पुत्र होना स्वीकार करते हुए बताया कि उनके 3 पुत्र और 2 पुत्रियां है. ये सचिन सबसे बड़ा था और सड़क पर मजदूरी करता था. बेगमगंज में काम नहीं मिलने का बोलकर काम की तलाश में तीन पहले गुरुवार को भोपाल जाने का कहकर घर से निकला था. कैलाश ने बताया कि उनका पुत्र सचिन भी शराब पीने का आदी था. शायद मित्रों के साथ वहां पर चला गया हो. पुलिस को घटनास्थल पर नाले के पास शराब की खाली बोतलें एवं नमकीन पैकेट के रैपर भी पड़े हुए मिले हैं .

गपुलिस को ग्रामवासियों ने बताया कि नाले के पास इस स्थान पर युवकों की टोलियां प्रतिदिन बैठकर शराब पीती हैं . संभवत यह भी अपने मित्रों के साथ शराब पार्टी कर रहा हो और इस बीच नाले में नशे की हालत में गिर गया हो या आत्महत्या की हो, ये जांच का विषय है क्योंकि शरीर पर किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं है . इसलिए पुलिस फिलहाल हादसा या आत्महत्या मानकर चल रही है और सभी बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है . मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है .

# जल लेकर कावड़िये उज्जैन रवाना



नवभारत न्यूज

**सांची, 2 अगस्त. रविवार को नगर के कुछ कावड़िये गणेश मंदिर रंगई से बेतवा का जल लेकर उज्जैन के लिए रवाना हुए. सांची में कावड़ियों का भव्य स्वागत किया गया.**

जानकारी के अनुसार नगर के कुछ श्रद्धालु गणेश मंदिर रंगई पहुंचे, जहां से बेतवा का जल लेकर कावड़ यात्रा शुरू की. यह कावड़ यात्रा सांची होते हुए उज्जैन पहुंचेगी. नगर में कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया. इस कावड़ यात्रा को जायसवाल होटल पर रोककर स्वागत करते हुए जयकारे लगे. नगर के पूर्व पार्षद रतलाल जायसवाल, बब्ली रानी जायसवाल, उनके साथियों ने कावड़ियों का स्वागत किया.



## जितेंद्र चौबे बने पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**उदयपुरा.** सांदीपनि विद्यालय में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष के चयन के लिए बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से जितेंद्र चौबे को पालक शिक्षक संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था. चौबे की इस पद नियुक्ति के पश्चात उन्हें विद्यालय के स्टाफ के अलावा उनके अनेक मित्रों ने भी बधाई दी.

# आर्थिक रूप से टूट चुकी महिला को मिला रोजगार का सहारा

## राज्य आजीविका मिशन से जुड़कर शुरू की दीदी की रसोई

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 2 अगस्त. मप्र ग्रामीण राज्य आजीविका मिशन से जुड़कर ग्रामीण अंचल के अनेक गांवों की महिलाओं ने स्वयं का रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनकर अपने परिवार का सहारा बन रही है.**

सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत प्रशिक्षित किए जाने के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. इसी





### पर्सनल लोन लेकर किया कार्य शुरू

मध्य प्रदेश ग्रामीण राज्य आजीविका मिशन बेगमगंज के समन्वयक सुधीर सोनी की प्रेरणा से प्रेरित होकर लक्ष्मी स्व- सहायता समूह कीरतपुर की सदस्य रंजना पति कमलेश कुमार के द्वारा 50 हजार का पर्सनल लोन लेकर तहसील प्रांगण में दीदी की रसोई नाम से कैंटीन स्थापित की है .

तारतभ्य नहीं, तारतम्य लिखें में ग्राम कीरतपुर की एक बेरोजगार महिला द्वारा मिशन से प्रशिक्षित होने के बाद स्वयं का व्यवसाय दीदी की रसोई तहसील प्रांगण में स्थापित कर एक मिसाल कायम कर दी है. जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाकर उन्हें एवं उनके परिवार का पालन - पोषण में सहायक बन गई है. प्रतिदिन अच्छी कमाई होने से वो उत्साहित हैं. तहसील कर्मचारियों एवं वहां काम के लिए आने वाले किसानों एवं हितग्राहियों के लिए कैंटीन खुलने से सुविधा हो गई है. अब उन्हें तहसील के बाहर सड़क के दूसरी तरफ नहीं जाना पड़ रहा है. यहीं कैंटीन पर ताजा नाश्ते के साथ चाय -कॉफी मिलने से उन्हें लंच में राहत मिल रही है. दीदी की रसोई संचालक रंजना ने सरकार की प्रशंसा करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें स्वयं का रोजगार करने का हौसला मिला है. उनके पति कमलेश कुमार ग्राम वीरपुर में 26 साल से अतिथि शिक्षक थे, लेकिन उनकी नौकरी छूटने के बाद आर्थिक संकट आ गया था.

# न्यायालय के सामने डेंजर जोन चौराहे का निर्माण कार्य शुरू



- कई एक्सीडेंट हो चुके हैं उक्त चौराहे पर
- पिछले चार साल से गुहार कर रहे हैं स्थानीय निवासी

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 2 अगस्त. भोपाल-सागर रोड पर न्यायालय के सामने वाला फर्शी रोड - गंभीरिया रोड़ चौराहा दुर्घटना पॉइंट बन गया था, जिसको लेकर कई दिनों से उस स्थान को चौड़ा करके व्यवस्थित ढंग से चौराहे के निर्माण किए जाने की मांग की जा रही थी जो की नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा पूरी किए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है.**

पिछले 4 साल से आए दिन दुर्घटनाओं होने के कारण इस डेंजर पॉइंट वाले स्थान पर सड़क पर बने डिवाइडर को तुड़वाकर चौराहा बनाया जा रहा है.

अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्तमान में डिवाइडर बनने से अंधा मोड़ हो गया था , जिस पर आए वाहन क्रॉसिंग करने में कई बार दुर्घटना हुई और लोग चोटिल होकर घायल भी हुए. न्यायालय के सामने से मेन रोड सागर - भोपाल पर बीच में बहुत दूर तक डिवाइडर होने से वाहन चालकों को लंबाई दूरी से वाहन मोड़ कर आना जाना पड़ता है.

वहीं न्यायालय के सामने दूसरी तरफ का थाने से लगकर क्रॉसिंग रोड में गंभीरिया का मेन रोड और तीसरी तरफ न्यायालय से लगकर फर्शी रोड क्रॉसिंग पर होने वाली वाहन दुर्घटनाओं की शिकायतें मिलने पर नपाध्यक्ष संदीप लोधी ने दुर्घटनाओं का कारण बन रहे डिवाइडर के उस भाग को तुड़वाकर बड़े चौराहे का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है, ताकि भोपाल - सागर रोड पर सीधे जाने वाले वाहन या फिर फर्शी रोड और गंभीरिया रोड पर आने- जाने वाले वाहन आसानी से उनकी क्रॉसिंग होकर वो मुड़ सकें. नपाध्यक्ष ने बताया कि चौराहे निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. जिससे वाहनों के एक दूसरी तरफ क्रॉसिंग करने में दुर्घटनाओं का खतरा बंद हो जाएगा.

# माय भारत से जुड़कर युवा बनें नशामुक्त भारत के सूत्रधार

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 अगस्त. युवाओं में बढ़ते मादक पदार्थों की लत को रोकने और दुष्प्रभावों से मुक्त करने के लिए नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान 2026 का शुभारंभ हो चुका है. इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत भोपाल स्थित मैनिट में राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशभर



के 10 हजार से अधिक केंद्रों पर वर्चुअली जुड़े और 1 करोड़ से अधिक युवाओं, स्वयंसेवकों और विभिन्न संगठनों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म युवाओं को सही दिशा देने, अपनी क्षमता पहचानने और नशा मुक्ति के इस जन-आंदोलन का नेतृत्व करने का एक सशक्त जरिया है.





# आठ माह पहले हुई चोरी का हुआ खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**देवरी (रायसेन), 2 अगस्त, देवरी थाना पुलिस ने लगभग आठ माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं.**

पुलिस के अनुसार, लगभग आठ माह पूर्व ग्राम गोरखपुर निवासी यश राजपूत के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुस गया था. चोर सोने की लॉन्ग, लॉकेट, मंगलसूत्र, झुमकी, अंगूठी, कान के टॉप्स, चूड़ियां तथा चांदी की पायल सहित अन्य आभूषण चोरी कर ले गया था. मामले में थाना देवरी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(3) एवं 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी. लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया चोरी का खुलासा नहीं कर पाए लोगों की श्वमांग पर उनका ट्रांसफर कर दिया गया.

वर्तमान थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उमरिया जिले के ग्राम बड़गवां निवासी गोविंद धुर्वे को गिरफ्तार किया. पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी गए लगभग दो लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए. चोरी का खुलासा होने पर क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है. स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान थाना प्रभारी के कार्यकाल में जुआ, सट्टा और नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा है. साथ ही जयदीप भदोरिया के समय के कुछ फरार आरोपियों को पकड़ने में भी शैलेंद्र सिंह तोमर प्रयास में लगे हुए हैं.

# मरीजों की सुरक्षा की दिशा में एम्स की पहल

## मेडिकल डिवाइस के दुष्प्रभावों पर स्वास्थ्यकर्मियों का मंथन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 अगस्त. अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले मेडिकल उपकरणों और जांच किट से किसी मरीज को कोई नुकसान या दुष्प्रभाव (एडवर्स इवेंट) होता है, तो उसकी समय पर और सही रिपोर्टिंग सीधे तौर पर मरीज की जान बचा सकती है।**

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एम्स भोपाल के औषधि विज्ञान विभाग (फार्माकोलॉजी विभाग) ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।



आयोजन भारतीय फार्माकोपिया आयोग, गाजियाबाद के राष्ट्रीय समन्वय केंद्र के मार्गदर्शन में रीजनल ट्रेनिंग सेंटर और मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग सेंटर द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि मेडिकल उपकरणों से होने वाली अनहोनी, तकनीकी खराबी या किसी भी साइड इफेक्ट की समय पर पहचान और दस्तावेजीकरण ही देश की स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली को मजबूत बनाता है।

**ठगी** | **ढाई महीने बाद सुरक्षित लौटा गीदड़गाव का युवक मोहम्मद फैजान**

# अच्छी नौकरी का झांसा देकर ओमान में युवक से कराए टॉयलेट साफ

अदनान खान

**सलामतपुर, 2 अगस्त. विदेश में सम्मानजनक नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर ठगी करने वाले एजेंटों का एक नया कारनामा सामने आया है. रायसेन जिले के सांची जनपद क्षेत्र अंतर्गत गीदगढ़ गांव निवासी मोहम्मद फैजान को ओमान की मस्जिद में इमाम (नमाज पढ़ाने) की नौकरी का झांसा देकर एजेंट ने लाखों रुपये ऐंठ लिए, लेकिन मस्कट पहुँचते ही उन्हें बंधक बनाकर मजदूरी कराने का मामला सामने आया है.**

फैजान के अनुसार, जनवरी



2026 में एक एजेंट ने उन्हें ओमान की मस्जिद में इमाम की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था. इसके एवज में मेडिकल और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर परिवार से किस्तों में करीब 2 लाख ऐंठ लिए गए. परिवार ने बड़ी मुश्किल से पैसों का इंतजाम किया और 4 मई 2026 को फैजान मस्कट (ओमान) पहुंचे. मस्कट पहुंचते ही एजेंट के वादों की पोल खुल गई. मस्जिद में नमाज पढ़ाने के बजाय फैजान से 30 से 40 कमरों वाले मिनिस्ट्री ऑफिस की सफाई, बर्तन धुलवाने और टॉयलेट-बाथरूम साफ करने जैसे काम कराए जाने लगे.

फैजान ने बताया कि उनसे रोजाना 14 से 15 घंटे काम कराया जाता था. इसके बावजूद न तो कोई वेतन दिया गया और न ही पेट भरने के लिए खाना. कई बार लगातार 4-4 दिन तक भूखे रहने की नौबत आ गई. जब एजेंट से शिकायत की, तो वह बहाने बनाता रहा और अंततः उसने अपना नंबर ब्लॉक कर दिया. वहीं कंपनी ने फैजान का पासपोर्ट जब्त कर लिया और भारत लौटने के एवज में 650 रियाल की मांग रख दी. इस कठिन परिस्थिति में मस्कट में रह रहे भारतीय नागरिकों ने फैजान की मदद की. मस्कट निवासी नवाब भाई ने उन्हें भोजन के लिए आर्थिक सहायता दी, वहीं मोहम्मद खलील अहमद ने फैजान को करीब डेढ़ महीने तक अपने घर में शरण दी.

### दूतावास के हस्तक्षेप से हुई वतन वापसी

18 जुलाई को यह गंभीर मामला भोपाल के सामाजिक कार्यकर्ता सैयद आबिद हुसैन के संज्ञान में आया . उनकी पहल पर ओमान स्थित भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय और भारतीय प्रवासी सहायता केंद्र ने तत्काल हस्तक्षेप किया . लेबर कोर्ट से एग्जिट परमिट मिलने और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद फैजान 28 जुलाई को मुंबई पहुँचे और 30 जुलाई की रात अपने गाँव गीदगढ़ सुरक्षित लौट आए . फैजान और उनके परिजनों ने अब आरोपी एजेंट और फर्जी कंपनी के खिलाफ पुलिस प्रशासन से सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है .

# पटवारियों की कलमबंद हड़ताल आज से

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 2 अगस्त. अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे पटवारियों ने अभी तक उनकी मांगे स्वीकार नहीं होने के बाद संघ की घोषणानुसार 3 अगस्त सोमवार से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल शुरू करेंगे.**

उनका कहना है कि जब तक उनकी 5 सूत्रीय मांगें स्वीकार नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. कोई भी पटवारी किसी भी प्रकार का काम नहीं करेगा. पटवारी संघ के अध्यक्ष मनीष चौरसिया ने बताया कि मप्र पटवारी संघ के आह्वान पर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बेगमगंज एवं सुल्तानगंज तहसील के सभी

1 बेगमगंज-सुल्तानगंज तहसील के सभी 32 पटवारी हड़ताल पर

2 मप्र में 1200 राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त होने के बाद भी पदोन्नति नहीं

32 पटवारी हड़ताल पर है. मप्र में 1200 राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त होने के बाद भी सरकार पद्दोन्नति नहीं कर रही है, जबकि राजस्व विभाग के निरीक्षकों, नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों की पदोन्नति की जा चुकी है. भेदभावपूर्ण नीति के चलते 3 अगस्त से प्रदेश भर के पटवारी अनिश्चितकाल कलमबंद हड़ताल करेंगे. पटवारियों का कहना है कि जब राजस्व विभाग में अन्य पदों के अधिकारियों, कमर्चारियों को नियमित पदोन्नति सहित अन्य लाभ दिए जा रहे हैं तो पटवारियों को क्यों नहीं. राजस्व विभाग का काम दिनरात एक करके निभाते हैं और सरकार की सबसे ज्यादा योजनाओं में भी परस्पर सहयोग देकर काम पूरा करते हैं.उनकी मांगों में पदोन्नति, समयमान वेतनमान का लाभ, कैडर रिव्यू लागू करना, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा, जज प्रोटेक्शन एक्ट दायरे में शामिल करना, लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान, नियम विरुद्ध किए गए पदाधिकारियों के तबादले तत्काल निरस्त करने के साथ कहा कि जब तक मांगे मंजूर नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.